हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 309 देहरादून, शुक्रवार, 07 जून, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 16



113 बाढ़ चौकियां स्थापित करने के निर्देश : सतपाल महाराज

3

# सरकारी कार्यालयों में करें ई-ऑफिस विकसित : अपर मुख्य सचिव

## पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों में हवाई सेवा विकसित की जाये

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 07 जून : अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में सचिवालय में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में एक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपर मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन को अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से समस्त जनपदों में हवाई सम्पर्क सैचुरेशन, असुरक्षित पुलों से छुटकारा, सड़कों में क्रैश बैरियर का निर्माण, विद्यालयों में आवश्यक फर्नीचर की आपूर्ति, चरणबद्ध रूप से सोलर एनर्जी सिस्टम से सैचुरेशन, सरकारी कार्यालयों में चरणबद्ध ई-आफिस का क्रियान्वयन, भू-अभिलेख व अन्य शासकीय अभिलेखों का चरणबद्ध रूप से डिजिटाईजेशन, प्रदेश में कृषि, उद्यान व वन विभाग के अन्तर्गत चरणबद्ध रूप से बायो-फैन्सिंग सैचुरेशन, स्वरोजगार केन्द्रों की स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण, ग्राम पंचायतों में पंचायत भवनों की स्थापना, पुस्तकालयों की स्थापना एवं सुदृढ़कीकरण, प्रदेश के प्रत्येक जिले में थीम बेस्ड विज्ञान व नवाचार केन्द्रों की स्थापना व सुदृढ़ीकरण, इण्डोर व ओपन स्टेडियम की स्थापना व सुदृढ़ीकरण, जनपद मुख्यालयों में आडिटोरियम/संस्कृति केन्द्रों की स्थापना एवं सुदृढ़ीकरण आदि के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी।

बैठक में समस्त जनपदों में हवाई सम्पर्क सैचुरेशन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुये अधिकारियों ने बताया कि हेलीकाप्टर सेवा सभी जनपदों में सैचुरेशन करने का लक्ष्य है, जिस ओर तेजी से कार्य हो रहा है।

**प्रदेश के इम्प्लाइमेंट केन्द्रों से स्वरोजगार की दिशा में भी किए जाय प्रयास**

अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रदेश के पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों में हवाई सेवा विकसित की जाये। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने असुरक्षित पुलों के सम्बन्ध में बताया कि प्रदेश में 94 असुरक्षित पुल चिह्नित किये गये हैं, जिनमें से 34 पुलों का जीर्णाद्धार/नवीनीकरण कर दिया गया है तथा शेष सेतुओं का जीर्णाद्धार/नवीनीकरण का कार्य भी यथाशीघ्र कर दिया जायेगा। झूला पुलों के सम्बन्ध में अधिकारियों ने बताया कि 15 झूला पुलों का इस्टीमेट तैयार कर लिया गया है तथा शेष की डीपीआर चार माह के भीतर प्रस्तुत कर दी जायेगी। इस पर अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को फास्ट मोड में कार्य करने के निर्देश दिये। क्रेश बैरियर के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में जितने भी क्रेश बैरियर चिह्नित किये गये हैं, उन्हें इस वर्ष पूर्ण कर लिया जायेगा।



प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में फर्नीचर की स्थिति पर अपर मुख्य सचिव द्वारा जानकारी लेने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने बताया कि फर्नीचर के लिये बजट स्वीकृत हो चुका है तथा शीघ्र ही विद्यालयों को फर्नीचर की आपूर्ति कर दी जायेगी। इस पर अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यह कार्य शीघ्र किया जाये। शासकीय स्कूलों में सोलर प्लाण्ट की स्थापना के सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव ने जानकारी ली तो अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2022-23 में 12 मेगावाट के सोलर प्लाण्ट हम लगा चुके हैं तथा इस वर्ष 2074 स्कूलों में 15.5 मेगावाट के सोलर प्लांट स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस पर अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि जहां-जहां सोलर प्लाण्ट स्थापित करने की संभावनायें है, ऐसे स्थलों को चिह्नित किया जाये तथा इस सम्बन्ध में एक एक्शन प्लान तैयार कर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

बैठक में सरकारी कार्यालयों में ई-आफिस के क्रियान्वयन की चर्चा करते हुये अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि ई-आफिस के कार्य में और तेजी लाई जाये तथा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में इस सम्बन्ध में एक बैठक का आयोजन किया जाये तथा सरकारी कार्यालयों का अधिक से अधिक कार्य ई-आफिस की माध्यम से ही किया जाये।

# उत्तराखंड : अगले दो दिन 5 जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 07 जून : कई दिनों से गर्मी का प्रकोप झेल रहे लोगों को देर शाम राहत मिली। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए प्रदेश के पांच जिलों को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पहाड़ों में ओलावृष्टि होने की सम्भावना।बीते दिन हुई बारिश के बाद उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों में गर्मी से राहत मिली है। देहरादून में दिनभर की तपिश के बाद शाम को तेज बौछारों ने राहत पहुंचाई, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में रोजाना एक से दो बार बारिश हो जा रही है जिससे पहाड़ों पर मौसम सुहाना बना हुआ है। पहाड़ी जिलों में भी आंधी के साथ तेज बारिश हुई और कई जगह ओले भी पड़े जिससे फसलों को भी नुकसान पहुंचा है।

मैदानी जिलों में कई दिनों से लू और भीषण गर्मी से परेशान जनजीवन ने देर शाम राहत की सांस ली। तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई है। उम्मीद की जा रही है कि मई की तरह रिकॉर्डतोड़ गर्मी जून में बेअसर साबित होगी। प्री मानसून से जून में पारा उच्चतम स्तर से नीचे आएगा।मौसम केंद्र देहरादून द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार गर्जन के साथ बारिश और ओलावृष्टि होने के आसार हैं। साथ ही 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं और मैदानी जिलों उधम सिंह नगर और हरिद्वार में तेज हवाएं चलने और बिजली चमकने की चेतावनी जारी की गई है। देहरादून में अगले दो दिन तक बारिश की संभावना है। प्रदेश के पांच जिलों चमोली, रुद्रप्रयाग, उत्तरकाशी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में तीव्र बौछार, अंधड़ और ओलावृष्टि को लेकर और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। देहरादून का अधिकतम तापमान 39.9 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि पंतनगर का अधिकतम तापमान 38.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं मुक्तेश्वर का अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14.9 डिग्री सेल्सियस था। नई टिहरी का अधिकतम तापमान 28.0 डिग्री और न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।




# मैक्स 200 मीटर खाई में गिरने से 6 लोगों की दर्दनाक मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उधमसिंह नगर 07 जून : बीती देर शाम नैनीताल जिले में एक मैक्स वाहन के गहरी खाई में गिरने से छह लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में पांच अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को रेस्क्यू कर नजदीकि अस्पताल में भर्ती कराया गया जहाँ उनका उपचार चल रहा है।नैनीताल के ओखलकांडा ब्लॉक के दुर्गम क्षेत्र पतलोट में बीती शाम 6 बजे एक मैक्स वाहन 200 मीटर गहरी खाई में गिर गया जिसमें दो बच्चे और चार महिला-पुरुष समेत छह यात्रियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

रेस्क्यू ऑपरेशन से पुलिस ने शवों और घायलों को खाई से बाहर निकाला। गाड़ी में कुल 11 लोग सवार थे, चालान के वाहन पर नियंत्रण खोने से दुर्घटना हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें 108 की मदद से हल्द्वानी एसटीएच भेजा गया।इस गाड़ी में एक छह सदस्यीय परिवार भी था जो छुट्टियां मनाने जा रहा था। जिसमें पिता महेश चंद्र परगाई उम्र 40 वर्ष, माता पार्वती उम्र 34 वर्ष और बहिन कविता परगाई उम्र 10 वर्ष की मौत हो गई। तान भाइयों पंकज परगाई (12), मनोज परगाई (10) और लोकेश परगाई से मां-बाप का साया उठ गया। ये लोग भी घायल हैं इनका इलाज चल रहा है।

# ये है सुपर काऊ एक दिन में 140 लीटर देगी दूध

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




ब्यूरो रिपोर्ट 07 जून : चीन लगातार साइंस एंड टेक्नोलॉजी की फील्ड में अजीबो-गरीब एक्सपेरिमेंट कर रहा है। हाल ही में चीनी वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि उन्होंने क्लोनिंग के जरिए तीन 'सुपर काऊ' तैयार की हैं। ये गायें अपनी पूरी जिंदगी में 100 टन यानी 2 लाख 83 हजार लीटर दूध दे सकती हैं।

लोकल मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, तीनों गायों की ब्रीडिंग नॉर्थवेस्ट यूनिवर्सिटी के साइंटिस्ट्स ने कराई है। ये बछड़े पिछले दो महीने में निंगशिया इलाके में पैदा हुए हैं। ये सभी नीदरलैंड्स से आने वाली होलस्टीन फ्रीसियन गाय के क्लोन हैं।अलैंगिक तरीके से एक जीव से दूसरे जीव को तैयार करने की प्रोसेस को क्लोनिंग कहा जाता है।

आसान भाषा में, वैज्ञानिक एक जानवर का DNA लेते हैं और इसकी मदद से जानवर का प्रारूप तैयार करते हैं। वैज्ञानिक अपनी सहूलियत के हिसाब से इनके जीन्स में बदलाव करते हैं, ताकि सामान्य जानवर की तुलना में ज्यादा शक्तिशाली जानवर बनाया जा सके।प्रोजेक्ट लीड जिन यापिंग ने बताया कि सबसे पहले अच्छी नस्ल की गायों के कान के सेल्स (कोशिकाएं) निकाले गए। फिर इनसे भ्रूण तैयार कर 120 गायों में प्रत्यारोपित किए गए। इनमें से 42% गाय गर्भवती हुईं। फिलहाल तीन सुपर काऊ का जन्म हो चुका है, जबकि 17.5% बछड़ों का जन्म अगले कुछ दिनों में हो सकता है।वैज्ञानिकों की मानें तो एक सुपर काऊ एक साल में 18 टन (16.3 हजार लीटर) दूध देने में सक्षम है। यह अमेरिका की नॉर्मल गाय की तुलना में 1.7 गुना ज्यादा है। या पिंग का कहना है कि चीन में अगले 2-3 साल में एक हजार सुपर काऊ पैदा की जाएंगी।

इससे डेयरी इंडस्ट्री को ज्यादा से ज्यादा फायदा होगा। फिलहाल चीन में हर 10 हजार में से 5 गाय ही अपने जीवन में 100 टन दूध दे पाती हैं। इसके अलावा देश में 70% डेयरी गाय आयात की जाती हैं।यह पहली बार नहीं है जब चीन ने किसी जानवर को क्लोन किया है। पिछले साल चीनी वैज्ञानिकों ने दुनिया का पहला क्लोन किया गया आर्कटिक भेड़िया तैयार किया था। 2017 में चीन ने ऐसे मवेशी क्लोन किए थे, जो जानवरों में होने वाले ट्यूबरक्यूलोसिस को मात दे सकते हैं।

# दुनिया के अजीबोगरीब रहस्य और तानाशाहों की अनसुनी बातें



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 07 जून : पूरी दुनिया रहस्यों से भरी हुई है। इन रहस्यों के बारे में बेहद कम लोगों को पता होगा। दुनिया में कई ऐसी हस्तियां हुई हैं, जिनसे जुड़े कई राज हैं। अगर आप इनके बारे में जानेंगे, तो आपको यकीन नहीं होगा। हम लोगों में से बेहद कम लोगों को जानकारी होगी कि जर्मनी के तानाशाह एडोल्फ हिटलर को बिल्ली से डर लगता था। आप इस पर यकीन नहीं कर पा रहे होंगे, लेकिन यह पूरी तरह सच है।

मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक, आतंक का साम्राज्य कायम करने वाले हिटलर को बाल और दाढ़ी कटवाने में भी बहुत डर लगता था और चिल्लाता था। इसकी वजह से वह अपनी दाढ़ी खुद बनाता था। उसे लगता था कि मौका मिलते ही लोग उसे मार डालेंगे। अगर वह किसी के हाथ में ब्लेड देखकर भी डर जाता था। बिस्तर पर लेटने से पहले वह अपने खुद के नौकर से बिस्तर की जांच कराता था। उसको अंधेरे से भी डर लगता था। सबसे हैरानी वाली बात यह है कि वह सुबह चार सोता था और 11 बजे जागता था।

लीबिया का पूर्व तानाशाह कर्नल मुअम्मर अल गद्दाफी को उसकी सनक के लिए पूरी दुनिया में जाना जाता था। कई महिलाओं ने तानाशाह गद्दाफी पर रेप का आरोप लगाया था। गद्दाफी दुनिया के क्रूर तानाशाहों में से एक था। लीबिया पर उसका 42 साल तक राज था। गद्दाफी के शासन काल के दौरान लोग हमेशा खौफ में रहते थे। 20 अक्टूबर 2011 को तानाशाह गद्दाफी गृहयुद्ध में मारा गया था। किसी अरब देश में सबसे अधिक समय तक राज करने वाले तानाशाह के रूप में जाना जाता रहा है।

इराक पर शासन करने वाला सद्दाम हुसैन एक लेखक था। इसके बारे में शायद ही किसी को जानकारी हो। उसने एक किताब लिखी थी जिसका नाम Zabiba and the King थी। यह पुस्तक साल 2002 में प्रकाशित हुई थी। सद्दाम हुसैन को 30 दिसंबर 2006 को फांसी दी गई थी।

प्रिंस चार्ल्स और प्रिंस विलियम्स अपनी यात्रा के समय हमेशा अलग-अलग जहाज का इस्तेमाल करते थे। इसके पीछे एक बड़ी वजह थे। वे इसलिए ऐसा करते थे, क्योंकि प्लेन क्रैश हो, तो कम से कम एक लोग जिंदा रहें। मशहूर जीव विज्ञानी चार्ल्स डार्विन का नाम बेहद कम लोग जानते होंगे, लेकिन इनके बारे में एक बात जानकर हैरान हो जाएंगे। वह जिन जानवरों की खोज करते थे उनको खा जाते थे।

# Brisk Walk से केवल वजन ही नहीं होता कम, इन बीमारियों में भी मिलेगा आराम

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट 07 जून : सुबह जल्दी उठकर अगर आप टहलने निकलते हैं, तो इसके कई फायदे होते हैं. कुछ लोग तेज-तेज चलते हैं, कुछ धीरे-धीरे सैर करते हैं. हालांकि आज हम बात करेंगे ब्रिस्क वॉक की यानी किसी व्यक्ति का एक या आधे घंटे तक तेज गति के साथ चलते चले जाना. ब्रिस्क वॉक करने से कुछ गंभीर शारीरिक समस्याएं दूर होती हैं. इसलिए ये हर व्यक्ति के लिए जरूरी भी है. इसके अलावा भी इसके कई फायदे हैं. तो चलिए जानते हैं, सुबह आधे घंटे ब्रिस्क वॉक करने से आपको क्या-क्या लाभ मिल सकते हैं, और कौन सी बीमारियों से आप बचे रह सकते हैं.

1. हाई कोलेस्ट्रॉल और हाई बीपी कंट्रोल-अगर आपको हाई बीपी या हाई कोलेस्ट्रॉल की शिकायत है तो ब्रिस्क वॉक आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकती है. दरअसल, वॉक करते समय ब्लड वेसेल्स खुलने लगती हैं. साथ ही इन ब्लड वेसेल्स में चिपके कोलेस्ट्रॉल के कण भी पिघलने लगते हैं. जिससे ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और बीपी भी कंट्रोल में रहता है. इसलिए सुबह के समय कोशिश करें 30 मिनट की ब्रिस्क वॉक जरूर करें.

2. फेफड़ों होते हैं मजबूत- जिन लोगों को फेफड़ों से जुड़ी समस्याएं हैं, उनके लिए ब्रिस्क वॉक करना किसी वरदान से कम नहीं है. ब्रिस्क वॉक करने से आपके फेफड़ों में शुद्ध हवा जाती है और ऑक्सीजन सप्लाई बेहतर होती है. जिससे फेफड़े मजबूत और स्वस्थ होते हैं. वहीं ब्रिस्क वॉक से अन्य समस्याएं नहीं होती हैं.

3. डायबिटीज में तेज चलना- डायबिटीज के मरीजों के लिए ब्रिस्क वॉक करना बेहद फायदेमंद हो सकता है. दरअसल, अगर आप शुगर पेशेंट हैं और एक महीने भी अगर आप रोजाना आधे घंटे तेज चलते हैं, तो इससे पैंक्रियाज का कामकाज बेहतर हो सकता है. साथ ही शरीर में इंसुलिन प्रोडक्शन बढ़ता है. देखा जाए तो ब्रिस्क वॉक से शुगर कंट्रोल में रहता है.

4. जोड़ों के दर्द में फायदेमंद- अगर आपको जोड़ों से जुड़ी कोई बीमारी है तो इसमें ब्रिस्क वॉक करना बहुत असरदार होगा. रेगुलर आधे घंटे तक तेज गति से चलना जोड़ों में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर और बढ़ाता है. जिससे इसका फंक्शन बेहतर होता है. इतना ही नहीं शरीर की हड्डियां भी स्ट्रॉन्ग होती हैं.

# डायबिटीज के मरीजों के लिए वरदान है भिंडी




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 07 जून : बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी भिंडी खाना पसंद करते हैं। इसकी सब्जी बहुत ही स्वादिष्ट होती है। यह बेहतरीन स्वाद के साथ शरीर को सेहतमंद रखने में भी मदद करती है। जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है, उनके लिए भिंडी किसी वरदान से कम नहीं है। भिंडी घुलनशील और अघुलनशील फाइबर से भरपूर होती है।

इसे पचाने में ज्यादा समय लगता है। इस प्रोसेस में ब्लड शुगर कम या धीमा पड़ जाती है। इसलिए डायबिटीज के मरीजों के लिए भिंडी फायदेमंद मानी जाती है। भिंडी वजन कम करने में भी मदद करती है। इसे खाने से पेट ज्यादा देर तक भरा रहता है। ऐसे में आप ओवरईटिंग से बच सकते हैं। इसमें कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते है। यह पोटेशियम, विटामिन-सी, प्रोटीन, कैल्शियम और फोलेट का बेहतरीन सोर्स है। जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या है, उनके लिए भी भिंडी का सेवन काफी फायदेमंद माना जाता है। इसमें मौजूद पोटेशियम हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मददगार है।

डायबिटीज डाइट में भिंडी को इन तरीकों से करें शामिल

भिंडी को धोकर टुकड़ों में काट लें। अब इसे पानी में भिगोकर रखें। सुबह में इस पानी को पी लें।चाहें तो आप भिंडी के बीजों को सुखाकर पाउडर बना लें। यह पाउडर डायबिटीज के मरीजों के लिए काफी फायदेमंद है।भिंडी की सब्जी भी खा सकते हैं, लेकिन इसे बनाते समय कम तेल का प्रयोग करें।इसके अलावा दाल, सूप, करी में भी भिंडी को शामिल कर सकते हैं।

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# 113 बाढ़ चौकियां स्थापित करने के निर्देश : सतपाल महाराज

## सभी जिलों में 15 जून से पूर्व स्थापित कर ली जायेंगी 113 बाढ़ चौकियां : महाराज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 07 जून : जनपद के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के सिंचाई, लोक निर्माण, पर्यटन, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मानसून से पूर्व चंद्राचार्य चौक के आसपास जलभराव से स्थानीय व्यापारियों को होने वाली परेशानी से निपटने के लिए तत्काल कार्य योजना बनाकर नालों की सफाई की जाये।



**सिंचाई मंत्री ने मानसून सीजन की तैयारियों को लेकर की बैठक**

सिंचाई विभाग द्वारा मानसून सीजन को लेकर की जाने वाली तैयारियों को लेकर जनपद के प्रभारी मंत्री और प्रदेश के सिंचाई, लोक निर्माण, पर्यटन, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज की अध्यक्षता में सिटी कंट्रोल सेंटर (सीसीआर) बिल्डिंग में अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मानसून अवधि में वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति के दृष्टिगत प्रत्येक जनपद के नोडल खण्ड में 15 जून 2024 तक बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर जाये। उन्होंने बताया कि राज्य में सिंचाई खण्ड, देहरादून परिसर में केन्द्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की लक्सर में हडवा नाला और कनखल के लाटोवाली में जलभराव से लोगों के घरों में पानी घुसने से बड़ा नुकसान होता है। इसलिए समय से इनकी सफाई करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के पश्चात पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने ऋषिकुल मैदान में स्थित चारधाम यात्रियों के लिए रजिस्ट्रेशन ट्रांजिट कैंप का भी औचक निरीक्षण किया और पर्यटन सचिव को निर्देश दिए कि यात्रियों की लाइन को कम करने के लिए एक परिवार के सभी सदस्यों का पंजीकरण लाइन में खड़ा होना व्यवहारिक नहीं है इसलिए परिवार का कोई भी एक सदस्य लाइन में लग कर सभी सदस्यों का पंजीकरण करवा सके इस तरह की व्यवस्था की जाये।

जनपद के प्रभारी मंत्री महाराज ने बैठक के पश्चात कहा कि मानसून सीजन को देखते हुए राज्य के 13 जनपदों में कुल 113 बाढ़ चौकियां 15 जून से पूर्व स्थापित कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि बाढ़ चौकियों के माध्यम से ग्रामीणों को चेतावनी पहुँचाने की व्यवस्था की गयी है। इसके अतिरिक्त सम्बन्धित कर्मचारियों के पास ग्राम प्रधानों एवं जनप्रतिनिधियों के मो० नं० से आपदा की स्थिति में तत्काल सूचना की व्यवस्था की गई है। सिंचाई विभाग के नियंत्रणाधीन जलाशयों के बन्धो पर लगातार निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। मानसून में बाढ़ तथा जल भराव की दृष्टि से प्रदेश के 13 जनपदों में 228 संवेदनशील स्थलों का चिन्हीकरण किया गया है। विभाग द्वारा मैदानी जनपदों हेतु विभिन्न शहरों के लिये मास्टर ड्रेनेज प्लान तैयार किया जा रहा है, जिसके निर्माण के पश्चात जल भराव की समस्या का समाधान होगा।



बैठक के पश्चात उन्होंने बताया भगवानपुर इन्डस्ट्रीयल एरिया कार्य की डी०पी०आर लागत रु0 35.65 करोड़ के सापेक्ष निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। भगवानपुर शहर के ड्रेनेज कार्य की डी०पी०आर लागत रु0 34.28 करोड़ के सापेक्ष निर्माण कार्य प्रगति पर है। हल्द्वानी शहर- मास्टर ड्रेनेज प्लान डी०पी०आर लागत रु० 957.00 करोड़ की गठित की गई है। जनपद चम्पावत के टनकपुर शहर हेतु लागत रु0 85.80 करोड एवं बनबसा हेतु लागत रु0 45.60 करोड की डी०पी०आर गठित कर शासन को प्रेषित की गई है। हरिद्वार शहर के मास्टर ड्रेनेज प्लान हेतु 03 फेस में कुल 835.04 करोड की डी०पी०आर० का गठन किया गया है। रूडकी शहर हेतु मास्टर ड्रेनेज प्लान की डी०आ०आर० लागत रु0 67.21 करोड का गठन कर लिया गया है जबकि ऋषिकेश शहर के मास्टर ड्रेनेज प्लान के अन्तर्गत मुनि की रेती (टिहरी) क्षेत्र में ड्रेनेज निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसी प्रकार जनपद देहरादून क्षेत्र के मास्टर ड्रेनेज प्लान की डी०पी०आर० गठन का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। जनपद पौड़ी के स्वर्गाश्रम क्षेत्र की डी०पी०आर० लागत रु0 45.51 करोड गठित कर शासन को प्रेषित की गई है।


सिंचाई मंत्री महाराज ने मानसून सीजन में जलाशयों में उपलब्ध जल को नहरों में पूर्ण क्षमता से चलाकर कृषकों को उपलब्ध कराने के साथ साथ नहरों के माध्यम से उपलब्ध जल को सिंचाई हेतु दिये जाने के लिये सम्बन्धित खण्डों को यथा आवश्यक नहरों की सफाई हेतु भी निर्देशित किया गया है।बैठक में सिंचाई सचिव राजेश कुमार, जिलाधिकारी धीरज गबर्याल, एमएनए वरुण चौधरी, सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता जयपाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, जिला महामंत्री आशुतोष शर्मा, जयपाल सिंह चौहान, आशु चौधरी सहित अनेक विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

# उत्तराखंड : वेडिंग डेस्टिनेशन बनेगा मां धारी देवी मंदिर, कई देसी-विदेशी जोड़े बंध चुके हैं बंधन में

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल 07 जून : प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां धारी देवी मंदिर को अब वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने की तैयारी मंदिर समिति द्वारा शुरू की जा रही है। इससे पहले भी यहाँ पर कई देसी-विदेशी जोड़े शादी के बंधन में बंध चुके हैं। यही कारण है कि माँ धारी को एक भव्य वेडिंग डेस्टिनेशन रूप दिया जा रहा है।

अलकनंदा नदी के तट पर बसे देवी काली को समर्पित धारी देवी मंदिर प्रसिद्ध सिद्धपीठों में से एक है। माना जाता है कि मूल मंदिर में मां धारी की प्रतिमा द्वापर युग में स्थापित की गई थी। इस मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां मौजूद मां धारी उत्तराखंड के चारधाम की रक्षा करती हैं। यहाँ वर्षभर श्रद्धालु अपनी मनोकामना लेकर माँ का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। मंदिर समिति अब मंदिर के परिसर में एक हॉल बनाने जा रही है जिसमें हिंदू रीति रिवाज से विवाह समारोह संपन्न होंगे। विवाह की अन्य व्यवस्था भी मंदिर समिति ही करेगी जैसेः- भोजन की व्यवस्था, ठहरने की व्यवस्था, विवाह के



लिए पूजा सामग्री और अन्य आवश्यक वस्तुएं। मंदिर के वेडिंग डेस्टिनेशन के तौर पर विकसित होने के बाद छोटे व्यापारियों को भी फायदा मिलेगा।

धारी देवी मंदिर के मुख्य पुजारी लक्ष्मी प्रसाद पांडे ने जानकारी दी कि मंदिर को डेस्टिनेशन वेडिंग के रूप में विकसित करने की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। एक हॉल बनाया जा रहा है जहाँ विवाह संपन्न होगा साथ में यहीं पर पानी-भोजन की व्यवस्था भी कराई जाएगी। उन्होंने ये भी बताया कि उनके पास अभी से शादी के रजिस्ट्रेशन आना शुरू हो चुके हैं। वर्ष 2013 में जापान से आई एक महिला ने यहाँ पर साधू से विवाह रचाया था और फिर चीन की एक महिला ने गढ़वाल के लड़के से भी यहीं पर माँ धारी देवी का आशीर्वाद लेकर शादी की थी। इस तरह कई जोड़े यहाँ पर शादी कर चुके हैं।

# हरिद्वार : शिक्षिका ने की आत्महत्या, सहकर्मी शिक्षक पर गंभीर आरोप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 07 जून : परिजनों ने शिक्षिका के सहकर्मी पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पीड़ित पक्ष की तरफ से नामजद शिक्षक के खिलाफ पुलिस कोतवाली रानीपुर में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है, पुलिस अब मामले की जांच में जुट गई है।



धर्मनगरी हरिद्वार से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसमें एक प्राइवेट स्कूल की शिक्षिका ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर दी। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी ने बताया की रामेश्वर कश्यप को सोमवार को सूचना मिली की उनकी पुत्री शिवानी कश्यप ने सोलानी पार्क, रुड़की में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। सूचना मिलते ही परिजन उसे आनन-फानन में सिविल हॉस्पिटल रुड़की ले गए। जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

शिवानी के जहरीला पदार्थ घटकने की जानकारी साथी शिक्षक राजू ने ही दी थी। परिजनों ने बताया कि वर्तमान में राजू के गांव में स्थित कंप्यूटर सेंटर में शिवानी कंप्यूटर सीख रही थी तथा ये दोनों साथ में बाल विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल मीरपुर में पढ़ाते हैं। आरोप है कि राजू ने ही शिवानी पर दबाव बनाकर जहर खाने के लिए उकसाया जिस कारण उसकी मृत्यु हो गई है। सहकर्मी शिक्षक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# तीनों सेना के जवानों के सैल्यूट अलग-अलग क्यों होते हैं

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 07 जून : भारतीयों सेनाओं (भारतीय सेना नौसेना और वायुसेना) ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए हिंदुस्तान का सिर हमेशा फख्र से ऊंचा किया। ऐसे में आज हम आप लोगों को विभिन्न जवानो द्वारा दी जाने वाली सलामी के बुनियादी अंतर को समझाएंगे। आजादी के 76 सालों में हिंदुस्तान ने बहुत कुछ देखा और जिया है, लेकिन हर एक बार भारतीयों सेनाओं भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए हिंदुस्तान का सिर फक्र से ऊंचा किया। इस दौरान जवानों ने अपने प्राणों की आहूति भी दी। ऐसे में आज हम इन जवानों को सलाम करते हुए तीनों सेनाओं के सैल्यूट पैटर्न पर बात करेंगे।

आप लोगों अक्सर यह देखा होगा कि थल, जल और वायु सेनाओं के जवानों के सैल्यूट पैटर्न में अंतर होता है, लेकिन इसके बारे में आप लोगों को विस्तृत जानकारी नहीं होती है। खैर हम आपको इसके बारे में समझाएंगे, क्योंकि हर जवानों के सैल्यूट का अपना विशिष्ट तरीका होता है और यह उनकी एकता, अनुशासन और देशभक्ति का पर्याय है। साथ ही इसे आप सैन्य परंपरा का अनिवार्य पहलू भी मान सकते हैं।




भारतीय सेना

सैल्यूट या सलामी सिर्फ सम्मान की बात नहीं है, बल्कि यह जवानों के बीच में अनुशासन और विश्वास का प्रतीक है। थल सेना के जवान खुली हथेली को माथे पर लगाकर सैल्यूट करते हैं। यह परंपरा ब्रिटिश सेना के जमाने से चली आ रही है। हालांकि, भारतीय सैन्य परंपरा के मुताबिक इसमें संशोधन किया गया था। जवान जिस हाथ से हथियार पकड़ते हैं, उसी हाथ से सैल्यूट करते हैं। इसे विश्वास का प्रतीक माना जाता है। इस दौरान सारी उंगलियां खुली हुई होती है। इस सैल्यूट का मतलब है- 'सैनिक खाली हाथ' है।

भारतीय नौसेना

नौसेना के जवानों के सैल्यूट का तरीका भारतीय सेना से थोड़ा अलग होता है। नौसेना के जवानों के दाहिने हाथ 90 डिग्री एंगल में जमीन की तरफ झुके रहते हैं। इसका मुख्य कारण है कि जवान अपने हाथों को किसी को भी नहीं दिखाना चाहते हैं, क्योंकि शिप पर काम करते हुए उनके हाथ ग्रीस और तेल की वजह से गंदे हो जाते हैं।

भारतीय वायु सेना

भारतीय वायु सेना के पास सलामी देने का एक अनूठा तरीका है जिसमें हथेली ऊपर की ओर 45 डिग्री के एंगल में होती है। वायु सैनिक दाहिने हाथ को ऊपर की ओर हथेली और उंगलियों के साथ फैलाता है। इस सैल्यूट के जरिए वायु सैनिक 'आसमान की ओर प्रगति' को दर्शाते हैं। मार्च 2006 के बाद वायु सेना ने सैल्यूट का यह तरीका अपनाया था।

भारतीय तटरक्षक

भारतीय तट रक्षक बल भी नौसेना की तरह ही सलामी देते हैं। गार्ड दाहिने हाथ को नीचे की ओर हथेली और उंगलियों को एक साथ फैलाते हैं। इसके बाद हाथ को माथे के स्तर तक 90 डिग्री के एंगल पर लाया जाता है। इसे हथेली से नीचे की ओर सलामी के रूप में जाना जाता है।

# गर्मियों में आंखों को देना चाहते हैं ठंडक, अपनाएं ये आसान उपाय

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 07 जून : गर्मी में तेज धूप के कारण आंखों की समस्या आम है। जिसमें जलन, खुजली और रेडनेस का सामना करना पड़ता है। हालांकि कई लोग आंखों की थकान को कम करने के लिए आई ड्रॉप का भी इस्तेमाल करते हैं। चाहें तो आप घरेलू उपाय भी अपना सकते हैं। गर्मी में आंखों की इन समस्याओं से राहत पाने के लिए आज आपको कुछ असरदार टिप्स बताएंगे। जिसकी मदद से आंखों की तकलीफ शांत हो सकती है।

गर्मियों में आंखों की जलन को शांत करने के लिए खीरा बेहद फायदेमंद है। इसके लिए खीरा के पतले-पतले स्लाइस काट लें, अब इसे आंखों पर कुछ देर के लिए रखें। करीब 15-20 मिनट बाद हटा लें। आंखों में जलन और खुजली शांत करने के लिए आइस क्यूब का इस्तेमाल करें। इसके लिए सबसे पहले आंखों को अच्छी तरह धो लें, अब साफ कॉटन के कपड़े में आइस क्यूब्स रखें। फिर इसे बंद आंखों पर कुछ देर के लिए रखें। इससे आपको राहत मिलेगा। आंखों की



थकान को दूर करने के लिए गुलाब जल काफी कारगर माना जाता है। गुलाब जल में कॉटन डूबो लें, अब इसे आंखों के आस-पास लगाएं। चाहें तो एक या दो बूंद आंखों में भी डाल सकते हैं। इससे आंखों में होने वाली जलन और खुजली शांत हो सकती है। आंखों की थकान दूर करने के लिए आलू का रस काफी मददगार होता है। इसके लिए आलू के पतले टुकड़े काट लें, अब इसे आंखों पर रखें। लगभग 20 मिनट बाद हटा लें।एलोवेरा आंखों की जलन और सूजन शांत करने में काफी सहायक है। इसके लिए एक कप ठंडे पानी में एलोवेरा जेल मिलाएं। अब इसमें कॉटन डुबो कर आंखों पर रखें। ऐसा करने से आपकी आंखों को ठंडक मिलेगी।

# नैनीताल : लक्षिता शाह ने YouTube से सीखी पेपर क्राफ्टिंग, आज देश-विदेश में है डिमांड

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

नैनीताल 07 जून : अगर मन में कुछ कर गुजरने का जज्बा हो और दिमाग में एक बेहतरीन आईडिया, तो आप घर बैठे सफलता पा सकते हैं। उत्तराखंड के युवा स्पोर्ट्स से लेकर स्वरोजगार तक सभी क्षेत्रों में जलवा दिखा रहे हैं। नैनीताल के प्रतिष्ठित सेंट मैरी कॉन्वेंट से अपनी इंटरमीडिएट तक की शिक्षा प्राप्त करने लक्षिता शाह आज Hand crafted Dreams से सफलता की उड़ान भर रही हैं। लक्षिता शाह ने अपनी डिग्री पूरी करने के बाद घर पर वेस्ट अखबारों से क्राफ्टिंग कर स्वरोजगार अपनाने की ठानी। आज उनका ये लक्ष्य काफी हद तक पूरा भी हो रहा है। लक्षिता शाह ने पुराने पढ़े अखबारों से कई सारे



आकर्षक उत्पाद बनाने शुरू किए। लक्षिता के वेस्ट अखबारों से बनाए गए उत्पादों की डिमांड आज दिल्ली, बैंगलोर, मुंबई जैसे बड़े शहरों के साथ ही विदेशों तक भी है। लक्षिता शाह बताती हैं कि उन्होंने वेस्ट पड़े पेपर और अखबारों से होम डेकोर, टी कोस्टर, इयरिंग्स, कैंडल स्टैंड समेत कई प्रकार के आकर्षक उत्पाद बनाए हैं। पेपर से क्राफ्टिंग करने के कार्य को उन्होंने अपना स्वरोजगार बना लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री गणेश जोशी ने किया पुरुकुल-किमाड़ी मोटर मार्ग का निरीक्षण,

देहरादून। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को पुरुकुल-किमाड़ी मोटर मार्ग का निरीक्षण कर, अधिकारियों से लापरवाही पर जवाब - तलब किया है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को साइट इंचार्ज कनिष्ठ अभियंता से स्पष्टीकरण तलब करने को कहा है। गुरुवार को निरीक्षण के दौरान गणेश जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 250 तक की आबादी वाली सभी बसावटों को मुख्य सड़क से जोड़ने का लक्ष्य रखा हुआ है। केंद्र सरकार इस काम में उत्तराखंड को पूरा सहयोग कर रही है। इसी क्रम में राज्य को पिछले दो वर्षों में 112 सड़कों के लिए लगभग दो हजार करोड़ की धनराशि उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने मौके पर अधिकारियों को कहा कि सड़क कटान के बाद जहां पर भी तारजाल लगाना आवश्यक है, वहां तत्काल सुरक्षात्मक कार्य किए जाएं। उन्होंने कहा कि कटान के बाद खेतों में मिट्टी न डाली जाए, साथ ही जहां- जहां पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त हुई हैं, तत्काल दुरुस्त किए जाएं। मंत्री ने बताया कि पुरुकुल किमाड़ी मोटर मार्ग करीब 14 करोड़ की लागत बन रहा है, इसके अलावा इस पर 2.85 करोड़ की लागत से पुल भी बनाया जा रहा है। जोशी ने कहा कि वो सात जुलाई को इस सड़क का फिर से निरीक्षण करेंगे, तब तक सभी कमियों को दूर कर लिया जाए। इस दौरान ग्रामीणों ने मंत्री से मुलाकात, सड़क पहुंचाने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष दीपक पुंडीर, पीएमजीएसवाई के अधीक्षण अभियंता अरुण नेगी, अधिशासी अभियंता हिमांशु श्रीवास्तव के अलावा मदन सिंह, अन्नू पुंडीर, सोबन सिंह, भरत सिंह पुंडीर, ग्राम प्रधान राधेश्याम जुयाल उपस्थित रहे।

### टीबी कर्मचारी दो माह से वेतन को तरसे

देहरादून। देहरादून जिले के अस्पतालों में तैनात टीबी कर्मचारियों को अप्रैल और मई का वेतन नहीं मिला। जिले के अस्पतालों में 35 से ज्यादा कर्मचारी है। कर्मचारियों ने अफसरों से मांग की है कि जल्द उनका वेतन जारी किया जाए। वेतन न मिलने से आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है। घर के खर्चे, बच्चों की फीस मुश्किल हो रही है। सीएमओ डॉ. संजय जैन का कहना है कि बजट की दिक्कत है, जल्द ही समाधान हो जाएगा।

### शनि जयंती पर किया भंडारे का आयोजन

देहरादून। शनि जयंती के उपलक्ष में भारुवाला ग्रांट बैल रोड स्थित शनि मंदिर में गुरुवार को भंडारे का आयोजन किया गया। कीर्तन मंडली ने कीर्तन किया। भंडारे का आयोजन ऑल इंडियन कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं ने किया। मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पीयूष गौड, कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा, पूर्व पार्षद रमेश कुमार मांगू, पूर्व पार्षद मोहन गुरुंग, सुरेंद्र थापा, मनमोहन शर्मा, ललित थापा, डंबर राय, डीएस छेत्री, मन बहादुर राणा, रवि विश्वास राय, आर तमांग, मीना राय, सीमा गौड़, मनोज गुप्ता,आस्था गुप्ता, बबली, शांति देवी उपस्थित रहे।

### मेडिकल पीजी छात्र 15 तक जमा करेंगे थिसिस


देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज में पीजी छात्र-छात्राएं 15 जून तक अपनी थिसिस जमा करेंगे। प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने गुरुवार को सर्जरी बैच 2021 के पीजी डॉ. रहनुमा, डॉ. शेखर, डॉ. दिव्या, डॉ. पद्मनी, डॉ. स्वाति की थिसिस का अपडेट एवं कार्य प्रगति जानी। उन्होंने पीजी को निर्देशित किया कि वह 15 जून तक अपनी थिसिस जमा कराएं। इस दौरान पीजी के गाइड और को-गाइड डॉ. मोहित गोयल, डॉ. अभय कुमार, डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. नेहा महाजनडॉ. धनंजय डोभाल आदि मौजूद रहे।

### महिला आयोग ने लिया लालतप्पड़ में महिला की हत्या का संज्ञान

देहरादून। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग ने लालतप्पड़ चौकी क्षेत्र में बुधवार देर रात महिला का गला दबाकर हत्या के मामले का संज्ञान लेते हुए एसओ डोईवाला से आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने एसओ डोईवाला से फोन पर वार्ता की। एसओ डोईवाला ने बताया कि पुलिस ने एक नामजद व दो अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक आरोपी मृतका के बेटे की वर्कशॉप में काम करता था। लालतप्पड़ निवासी कुलदीप कौर(54) पत्नी हरजीत सिंह आंगन में सो रही थी। इसी दौरान तीन लोग आंगन में आ धमके।

# उत्तराखंड : पहले दिव्यांग का बनाया अश्लील वीडियो, फिर धमकी देकर लुटे 32 लाख

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



हरिद्वार 07 जून : बाते दिन एक महिला ने कनखल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि एक पिता और पुत्र ने मिलकर उसके दिव्यांग पति को शराब पिलाई और फिर उसके बाद किसी अन्य महिला के साथ अश्लील वीडियो बनाकर उसे वायरल करने के एवज में अभी तक 32.70 लाख रुपए ले चुके हैं।

मिली जानकारी के अनुसार ममता कश्यप राजा गार्डन गणपति विहार जगजीतपुर (हरिद्वार) द्वारा कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। महिला ने आरोप लगाया है कि उसका पति रविंद्र कश्यप दिव्यांग है और वह शराब का आदी है। रविंद्र की दोस्ती राजकुमार निवासी राजा गार्डन से हुई और ये लोग अक्सर राजकुमार के घर पर साथ में मिलकर शराब पीते थे। एक दिन राजकुमार ने अपने बेटे शिवांकर के साथ मिलकर साजिश के तहत रविंद्र को शराब पिलाई और किसी अन्य महिला को बुलाकर रविंद्र के साथ अश्लील वीडियो बना ली।

महिला ने दोनों बाप बेटे पर आरोप लगाया है कि इन्होने वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर 2 अप्रैल 2021 से 17 मई 2021 तक 12.70 लाख रुपए लिए। उसके बाद एक प्लाट खरीदने के लिए 15 लाख लिए, फिर गाड़ी खरीदने के लिए पांच लाख लिए।

ऐसे ये लोग लूटते रहे और किसी को कुछ भी न बताने के लिए जान से मारने की धमकी दी। फिर इन्होने मकान बेचकर और पैसे देने का दबाव बनाया। 17 अगस्त 2022 को राजकुमार घर में घुसा और गाली-गलौज करके दो लाख रुपए देने को कहा। पैसे न देने पर पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मामला को दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच चल रही है।

# बैंकिंग फ्रॉड : अकाउंट से चोरी करने वाले ऐप्स से सावधान, वरना हो जायेगा अकाउंट खाली

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 07 जून : बैंकिंग फ्रॉड में बहुत तेजी से उछाल आया है. डिजिटल ट्रांजैक्शन में जिस तरह तेजी आई है, डिजिटल बैंकिंग स्कैम के मामलों में बढ़ोतरी देखी जा रही है. फ्रॉड करने वाले रोजाना नए तरीकों का इस्तेमाल कर रहे हैं. हाल फिलहाल मोबाइल ऐप्स की मदद से अकाउंट खाली करने का प्रचलन बढ़ गया है. इसमें आपके मोबाइल नंबर पर मैसेज की मदद से एक लिंक शेयर किया जाता है. आप जैसे ही इस लिंक पर क्लिक करते हैं आपका अकाउंट खाली हो जाता है।

Bank ने अपने ग्राहकों को ईमेल भेजकर आगाह किया है. इसमें कहा गया है कि उन ऐप्स से बचकर रहें जो आपके अकाउंट से पैसे चुराते हैं. बैंक का कहना है कि 'AnyDesk' की मदद से बैंकिंग फ्रॉड के मामलों में काफी उछाल आया है. अगर आपके फोन पर भी 'Any-Desk' का मैसेज या लिंक शेयर किया जाता है तो भूल से भी इसपर क्लिक नहीं करें. यह आपके फोन से बैंक डीटेल चुरा लेता है और फिर अकाउंट खाली कर दिया जाता है. बैंक ने अपने ग्राहकों को डिजिटल बैंकिंग फ्रॉड से बचने के लिए खास टिप्स दिए हैं।

अगर आपको किसी नंबर से कॉल आता है और कहा जाता है कि अकाउंट का KYC अपडेट करना है तो ऐसे कॉल्स को एंटरटेन नहीं करना है. ये लोग पहले KYC अपडेट करने के लिए कहते हैं. फिर मैसेज की मदद से भेजे गए लिंक पर डिटेल शेयर करने के लिए कहा जाता है. कई बार तो AnyDesk और Team Viewer की मदद से रिमोट कंट्रोल की भी बात करते हैं. इन लोगों से बचकर रहें. फ्रॉड कॉल करने वाले आपसे 9 डिजिट का कोड मांगते हैं. इस कोड को नहीं शेयर करना है. यह आपका कस्टमर आईडी नंबर होता है. किसी भी सूरत में यह जानकारी नहीं शेयर करनी है।

खुद को बैंक एंप्लॉयी बता सकते हैंयह संभव है कि कॉल करने वाले खुद को बैंक के एंप्लॉयी बताएं और KYC अपडेट करने की जगह किसी और काम की बात करें. अगर वे आपसे आपका बैंक अकाउंट डिटेल, कस्टमर आईडी नंबर जैसी जानकारी मांगते हैं तो यह नहीं शेयर करना है , डेबिट कार्ड डिटेल, सीवीवी पिन, एटीएम पिन , ओटीपी, मोबाइल पिन, मोबाइल ऐप्लिकेशन एक्टिवेशन मैसेज की जानकारी साझा नहीं करना है। थर्ड पार्टी मोबाइल ऐप से बचेंथर्ड पार्टी मोबाइल ऐप जैसै Any-desk / Quick Support को ना तो डाउनलोड करना है और ना ही लॉगिन करना है।

# स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह ने किया कैथ लैब का निरीक्षण

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



श्रीनगर गढ़वाल। रदेश के माननीय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत जी ने बुधवार को बेस चिकित्सालय में जन चिकित्सीय सेवाओं की बेहतरी के लिए बनाई जा रही कैथ लैब और स्टेट ऑफ आर्ट सेन्ट्रल लेबोरेटरी (अत्याधुनिक प्रयोगशाला) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जल्द दोनो यूनिट को जनता की सेवा के लिए समर्पित की जायेगी। ताकि गढ़वाल के विषम भौगोलिक छेत्र मे निवासित जनता को बेस चिकित्सालय में लैब की सभी जाचो के साथ – साथ सुपर-स्पेशलिस्ट सेवाएं प्रदान हो सके। कहा कि कार्डियो कैथ लैब बनने यहां हार्ट से सम्बंधित बीमारी की जांच एंजियोग्राफी व बीमारी के ईलाज एंजियोप्लास्टी व अन्य की सुविधा मिलेगी। इसके लिए कार्डियोलॉजिस्ट की तैनाती करने के लिए साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण हो गयी है।

बेस चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत जी ने कार्डियक कैथ लैब पहुंचकर यहां पर चल रहे कार्यो के साथ ही बैड, मशीन, आक्सीजन सप्लाई, प्री-आपरेटिव व पोस्ट- आपरेटिव वार्ड के साथ-साथ ही अन्य सभी जानकारियां ली गई। साथ ही जो-जो कमी है, उसे जल्द दूर करने के निर्देश दिये गये। कहा कि कार्डियोलॉजिस्ट व कार्डियोटैक्नीशियन की तैनाती होते ही कैथ-लैब शुरु कर दी जायेगी। कहा कि कैथ-लैब बनने से यहां हार्ट संबंधी रोगों का इलाज संभव होगा और मरीजों को इलाज के लिए ऋषिकेश, दून या अन्य बड़ें शहरों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। बेस चिकित्सालय गढ़वाल क्षेत्र के साथ ही चारधाम यात्रा का प्रमुख एव मुख्य केन्द्र है। स्वास्थ्य मंत्री ने स्टेट ऑफ आर्ट सेन्ट्रल लेबोरेटरी (अत्याधुनिक प्रयोगशाला) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि इसमें बायोकेमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, पैथोलॉजी समेत सभी तरह की जांच एक जगह पर होगी। इस तरह एक ही जगह सैंपल देना होगा व वही से आपको सारी रिपोर्ट मिल जायेगी। इस तरह मरीज व उनके तीमारदारों को इधर-उधर भटकने से मुक्ति मिल जायेगी। मेडिकल कॉलेज एव चिकित्सालय में अभी जितनी भी जांचें होती हैं, उनके अलावा सभी नई जांचे भी इसमें शामिल की जाएंगी। जांचें अत्याधुनिक मशीनों से होंगी, जिससे जांच रिपोर्ट की क्वालिटी हर रोज चैक होगी। इसके साथ ही मरीजों को एसएमएस, ईमेल और व्हाट्सएप के जरिए भी जांच रिपोर्ट उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही उक्त सेवा को जनता के लिए समर्पित किया जायेगा। उन्होंने मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ के.एस.बुटोला को एंडोस्कोपी संबंधी प्रशिक्षण कर उक्त जांच जल्द शुरु कराने के निर्देश दिये। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीएमएस रावत, एडिशनल मेडिकल सुपरिटेंडेंट व मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ. केएस बुटोला व सम्बंधित कर्मी मौजूद थे।

## ग्रामीणों को भूस्खलन से बचाव की जानकारी दी

श्रीनगर गढ़वाल। विकासखंड कीर्तिनगर के डागर पट्टी के राड़ागाढ गांव में गुरुवार को ग्रामीणों को भूस्खलन से बचाव की जानकारी दी गई। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के नोडल अधिकारी आनन्द ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के प्रति मानव को हमेशा सचेत रहने की आवश्यकता है। जो मौसमानुसार दस्तक देती रहती है। ऐसे में भूस्खलन का खतरा और बढ़ जाता है। उन्होंने क्षेत्र निरीक्षण एवं भूस्खलन की जांचों को समय-समय कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में प्राकृतिक एवं दैवीय आपदाओं का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है, ऐसे में सभी विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनता को भी राहत कार्यों में आगे आने की शक्त जरूरत है। जिससे आपदाओं से होने वाले नुकसान को बचाया जा सके। इस मौके पर पंचायती राज अधिकारी युद्धवीर सिंह, उप राजस्व निरीक्षक मुकेश रावत, एएनएम प्रिया, ग्राम प्रधान राड़ागाढ़ मिलन किशोर सहित आदि मौजूद थे।

## पेयजल के लिए टैंक निर्माण की मांग की

नई टिहरी। जौनपुर ब्लॉक के ग्राम रिंगाड़गढ़ के प्रधान अजय सिंह ने पानी संकट पर गुरुवार को डीएम मयूर दीक्षित को शिकायत पत्र दिया। उन्होंने पेयजल किल्लत को देखते हुए आनंद चौक पंपिंग योजना के तहत हनुमान चौक में एक पेयजल टैंक बनवाने की मांग की है। प्रधान का कहना है कि ग्रामीणों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। आनंद चौक पंपिंग योजना के तहत राज चौके में टैंक का निर्माण किया गया है, लेकिन इससे आस-पास के क्षेत्रा में पर्याप्त होना संभव नहीं है, क्योंकि टैंक से 90 कनेक्शन होने हैं। इसलिए हनुमान चौक पर एक पेयजल टैंक का निर्माण करवाया जाय। हनुमान चौक पर टैंक बनने से पेयजल किल्लत दूर होगी।

## आकाश बगियाल ने उतीर्ण की नीट परीक्षा

नई टिहरी। स्थानीय छात्र आकाश बगियाल ने नीट 2024 परीक्षा में सफलता हासिल की है। आकाश ने 720 में से 653 नंबर हासिल किये हैं। आकाश के पिता खुशाल सिंह बगियाल जीआईसी रजाखेत में जीव विज्ञान के प्रवक्ता हैं। जबकि माता शैला रजाखेत में सहायक अध्यापिका हैं। आकाश के नीट में सफलता पर परिजनों सहित स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। नीट में सफलता के लिए बीवीएस के प्रधानाचार्य विमलेश नौटियाल, नरेंद्र भट्ट, दिनेश तोपवाल, प्रमोद रावत, पुष्पा रावत, सरोज बेलवाल आदि ने आकाश को बधाईयां देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# देहरादून : DIT यूनिवर्सिटी की प्रवेश काउंसलिंग 9 जून को

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 09 जून : डीआईटी यूनिवर्सिटी, एक प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थान जो अकादमिक उत्कृष्टता और अभिनव कार्यक्रमों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाना जाता है, नौ जून, 2024 को अपने आगामी प्रवेश परामर्श सत्र की घोषणा करते हुए उत्साहित है। जानकारी देते हुए डी आई टी यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ जी रघुरामा ने बताया कि यह निर्धारित सत्र विशेष रूप से डीआईटी यूनिवर्सिटी के स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला में शामिल होने के इच्छुक छात्रों के लिए बनाया गया है। डीआईटी यूनिवर्सिटी ज्ञान के केंद्र के रूप में खड़ा है, जो इंजीनियरिंग, फार्मेसी, वास्तुकला, डिजाइन, लिबरल आर्ट्स, विज्ञान, प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवा और नर्सिंग जैसे क्षेत्रों में 70 से अधिक विविध कार्यक्रम प्रस्तुत करता है। 250 से अधिक प्रतिष्ठित फैकल्टी के समर्पित डिपार्टमेंट्स के साथ, डीआईटी यूनिवर्सिटी के छात्र एक आकर्षक और परिवर्तनकारी शिक्षण वातावरण का अनुभव करते हैं।

उन्होंने कहा कि बौद्धिक विकास को बढ़ावा देने और रचनात्मकता को प्रज्वलित करने के अपने निरंतर प्रयासों को करते हुए डीआईटी यूनिवर्सिटी अत्याधुनिक क्षेत्रों में नए और आकर्षक कार्यक्रम पेश कर रही है। छात्र अब रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बी.टेक, चिप डिजाइन, इलेक्ट्रिक वाहन, सस्टेनेबल सिटी प्लानिंग, कार्बन न्यूट्रैलिटी, कंप्यूटर विज़न और बायोमेट्रिक्स, रोबोटिक्स, ऑटोमेशन और एआई जैसे विषयों में अध्ययन कर सकते हैं। इन कार्यक्रमों को छात्रों को तेजी से बदलती दुनिया में सफलता के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान से लैस करने के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया गया है। डीआईटी विश्वविद्यालय अपने छात्रों के समग्र विकास पर बहुत गर्व करता है।

डॉ रघुराम ने कहा कि डीआईटी विश्वविद्यालय इस वर्ष स्वास्थ्य सेवा व्यवसायों में नए कार्यक्रम भी प्रदान करता है, जिसमें बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी (बीपीटी), मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी (बी.एमएलटी), ऑप्टोमेट्री (बी. ऑप्टोम.) और ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी शामिल हैं। डीआईटी यूनिवर्सिटी ने विभिन्न क्षेत्रों की 450 से अधिक प्रसिद्ध कंपनियों को आकर्षित करते हुए, अपनी प्लेसमेंट उपलब्धियों के लिए महत्वपूर्ण मान्यता प्राप्त की है। पिछले वर्ष में, इन कंपनियों ने 1450+ से अधिक प्लेसमेंट की पेशकश की थी, जिसमें पालो ऑल्टो नेटवर्क्स ने 58 लाख प्रति वर्ष का उच्चतम पैकेज प्रदान किया था।

डीआईटी विश्वविद्यालय ने अपनी प्लेसमेंट उपलब्धियों के लिए महत्वपूर्ण मान्यता प्राप्त की है, डीआईटी यूनिवर्सिटी के मजबूत उद्योग संबंध एडोब, अमेज़ॅन, ट्रिलॉजी, क्रेड, टेकियन, कॉम वॉल्ट, ब्लिंकिट, ज़स्केलर और कई अन्य प्रतिष्ठित संगठनों के साथ है। जो असाधारण प्रतिभा की तलाश में अक्सर परिसर से भर्ती करते हैं। भावी छात्रों को 7 जून, 2024 की अंतिम तिथि तक प्रवेश परामर्श सत्र के लिए पंजीकरण करना अनिवार्य है। यह डीआईटी यूनिवर्सिटी में आवेदन करने का और एक सफल भविष्य की ओर अग्रसर होने का एक मूल्यवान अवसर है। डीआईटी यूनिवर्सिटी और प्रवेश परामर्श सत्रों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया डी आई टी की वेबसाइट www.dituniversity.edu.in पर संपर्क करें।

# आम खाने के बाद भूलकर भी न खाएं ये चीजें, सेहत के लिए हैं नुकसानदेह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 07 जून : गर्मियों के मौसम में आम बहुतायत रूप से पाया जाता है. चौराहों से लेकर सड़क के किनारों तक मैंगो शेक के स्टॉल लगे रहते हैं. गर्मियों में आम खाने के कई फायदे होते हैं. आम में फॉस्फोरस, डायटरी फाइबर, प्रोटीन, पोटैशियम, जिंक, कार्बोहाइड्रेट्स, कैल्शियम, आयरन, ऊर्जा, जिंक, जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं. आम इम्यूनिटी बूस्टर का काम भी करता है. आम जितना ज्यादा टेस्टी खाने में होता है, उतना ही सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है.

आम को खाने का सबका अपना तरीका होता है. कई लोग इसे खाना खाने के बाद खाना पसंद करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम को कुछ चीजों के साथ नहीं खाना चाहिए नहीं तो यह हानिकारक हो सकता है? आइए आज हम आपको बताते हैं ऐसी कौन सी चीजें हैं, जिसके साथ आम को नहीं खाना चाहिए.

1. गर्मियों में लोग करेले का भी बहुत सेवन करते है. कुछ लोगों को खाना खाने के साथ आम खाना पसंद होता है, लेकिन कभी करेले के साथ आम को नहीं खाना चाहिए. इससे मतली और उल्टी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

2. मसालेदार चीजों के साथ भी आम को नहीं खाना चाहिए है. इससे लोगों को पाचन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है. इससे पेट खराब होने की समस्या हो सकती है.

# तीन साल में जनपद को एनीमिया मुक्त करें : डीएम दीक्षित

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित के निर्देश पर बीती 10 मई से शुरू हुए एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम में स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग की टीमें काम कर रही हैं। डीएम ने टीमों को तत्परता से कार्य करते हुए एनीमिया को खत्म करने पर बल देने को कहा। स्वास्थ्य विभाग को भी कार्ययोजना बनाकर तीन साल के भीतर जनपद टिहरी में एनीमिया को समाप्त करने को कहा।गुरुवार को डीएम दीक्षित ने एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की समीक्षा की।

जिसमें कहा कि इस विशेष अभियान कार्यक्रम में स्कूलों एवं गांव-गांव में टी-4 (टेस्ट, ट्रीट, टॉक एंड ट्रैक) शिविर आयोजित कर डिजिटल हिमोग्लोबिन की जांच निरंतर करवायें। एनीमिया से ग्रस्त पाये जाने वालों का उपचार एवं निर्धारित समयानुसार पुनः परीक्षण किया जाय। इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनु जैन ने बताया कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत 5 वर्ष से 9 वर्ष के 31 हजार 254 बच्चों, 10-19 वर्ष के 75 हजार 766 किशोर-किशोरियों, 10 हजार 874 गर्भवती महिलाओं तथा 19 से 35 वर्ष की गैर गर्भवती महिलाओं सहित कुल 1 लाख 34 हजार 494 का लक्ष्य निर्धारित कर बीती 10 मई से प्रतिदिन गांव-गांव जाकर हिमोग्लोबिन की डिजिटल स्क्रीनिंग व परीक्षण कर उपचार किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग से आरबीएसके की 13 टीमें, 180 सीएचओ तथा 249 एएनएम काम कर रहे हैं। एसीएमओ डा. एलडी सेमवाल ने बताया कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के बीती 5 जून बुधवार तक कुल 47 हजार 271 परीक्षण किए गए।

जिसमें हल्का एनीमिया 12073, मध्यम एनीमिया 11259, गंभीर एनीमिया के 348 अर्थात कुल 23 हजार 680 एनीमिया से ग्रस्त पाए गए। 264 गंभीर एवं मध्यम एनीमिया को आयरन सुक्रोज दिया गया, एक को दून अस्पताल में ब्लड चढ़ाया गया तथा 23 हजार 680 एनीमिया को आयरन और फालिक एसिड (आईएफए) टैबलेट दिए गए। प्रभारी चिकित्साधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापनगर कुलभूषण त्यागी ने जानकारी देते हुए बताया कि एनीमिया मुक्त अभियान के तहत बीती 10 मई को गरवान गांव उपकेंद्र के अंतर्गत खुरमोला गांव की दो गर्भवती महिलाओ की जांच में 7.2 तथा 7.6 ग्राम हीमोग्लोबिन आया। गंभीर रक्त अल्पता के मद्देनजर इनके घर पर प्रत्येक सप्ताह भ्रमण करके उपचारित एवं काउंसिल की। बीती 5 जून बुधवार को चौथी बार टीम इनके घर गई, तो हीमोग्लोबिन जांच करने पर क्रमश 10.6 तथा 10.2 पाया गया।

## तेज हवाओं के साथ हुई मूसलाधार बारिश

चमोली। प्रखंड के कई स्थानों पर बुधवार देर शाम तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई। करीब दो घंटे तक जनजीवन प्रभावित रहा। बारिश और तेज हवाओं के चलने से खंसर घाटी में बिजली की आपूर्ति ठप रही। रायकोट निवासी शिव सिंह नेगी ने बताया कि भारी बारिश के कारण राजकीय प्राथमिक विद्यालय गडोत के शौचालय को पहाड़ से आई भारी गाद की चपेट में आने से किसी तरह बचाया गया।

## थराली में भाजपाइयों ने विजय जुलूस निकाला

चमोली। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को थराली मुख्य बाजार में विजय जूलूस निकाला। भाजपाइयों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लगातार तीसरी बार सरकार बना रही है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष नंदू बहुगुणा, जिला महामंत्री राकेश जोशी, गंगा सिंह बिष्ट, मंडल महामंत्री अनिल देवराड़ी, सुरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत सदस्य देवी जोशी, भगत नेगी, ब्लाक प्रमुख कविता देवी, प्रकाश चन्दोला,आनंद सिंह बिष्ट,मोहन बहुगुणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह नेगी, राकेश भारद्वाज,केदार जोशी, कृष्णपाल सिंह गुसाईं, संजय जोशी आदि मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## हेंवल नदी के जीर्ण-शीर्ण पुल के स्थान पर नया पुल बनाने की मांग

नई टिहरी। चंबा के देवरी मल्ली के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य बालेंदु उनियाल ने डीएम मयूर दीक्षित को पत्र लिखकर देवरी मल्ली व तल्ली के मध्य हेंवल नदी पर 6 दशक पहले बने जीर्ण-शीर्ण पुल के स्थान पर नया पुल बनाने की मांग की है। पत्र के माध्यम से डीएम को अवगत कराया गया है कि हेंवल नदी पर कंटरिया नामेतोक लगभग 6 दशक पूर्व बना पैदल पुल जीर्ण-शीर्ण हालत में है। बरसात में हेंवल नदी में पानी उफान पर होने इसे इस पुल से आवाजाही करना आम लोगों के जोखिम भरा है। पुल से आम लोगों सहित प्रतिदिन सैकड़ों मवेशियों का भी आवागमन रहता है। इसलिए आम लोगों की सुरक्षा व सुविधा को देखते हुए यहां पर नया पुल बनाया जाना जरूरी है। पुल के निर्माण को लेकर आरडब्ल्यूडी की पहल भी जारी है। जिसे तेजी से आगे बढ़ाया जाय।

## डीएफओ अभिमन्यु ने केदारघाटी के चार हेलीपैड का निरीक्षण

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ वन प्रभाग का कार्यभार संभाल रहे रुद्रप्रयाग वन प्रभाग के डीएफओ अभिमन्यु ने केदारघाटी के चार हेलीपैड का निरीक्षण किया। केदारनाथ धाम में भी हेली सेवाओं के संचालन की पड़ताल की। इस दौरान हेली कंपनियों को एनजीटी के नियमों का पालन करने के लिए निर्देशित किया गया। हेलीकॉप्टर की उड़ान, एयर रूट और संरक्षित वन्य जीवों की सुरक्षा के प्रति भी अवगत कराया। डीएफओ अभिमन्यु ने बताया कि हेलीकॉप्टर कंपनियों की ओर से अपेक्षित सहयोग नहीं दिया जा रहा है।

## अंधड़ में काश्तकार के मकान की छत उड़ी

चमोली। नारायणबगड़ विकासखंड में बुधवार शाम को आए तेज अंधड़ के कारण मानूर गांव में दलबीर सिंह की छत उड़ गई। जिस कारण काश्तकार को भारी नुकसान हुआ है। वहीं काश्तकार ने शीघ्र मुआवजे की मांग की है। नारायणबगड़ विकासखंड के ग्राम मानूर में बुधवार शाम को आए तेज अंधड़ के कारण काश्तकार दलवीर सिंह पुत्र रंजीत सिंह की छत उड़ गई। जिस कारण काश्तकार को भारी नुकसान हुआ है। तेज हवाएं चलने के कारण इन दिनों नारायणबगड़ क्षेत्र में भारी नुकसान हो रहा है। अंधड़ के कारण कई स्थानों पर पेड़ टूटने एवं कई स्थानों पर लोगों की छत भी उड़ जा रही है।

## करंट से लाइनमैन की मौत पर हंगामा

चमोली। दशोली ब्लॉक के दुर्गापुर के समीप प्रदीप कुमार बिजली लाइन ठीक करने के लिए पोल में चढ़ा था। करंट लगने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी। प्रदीप की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया। परिजनों और ग्रामीणों ने ऊर्जा निगम पहुंचकर जमकर हंगामा किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि जब तक प्रदीप के परिवार को उचित मुआवजा और एक सदस्य को नौकरी देकर न्याय नहीं दिया जाएगा, तब तक मृतक का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। ऊर्जा निगम के अधिशासी अभियन्ता प्रदीप कुमार शर्मा ने ग्रामीणों की दोनों मांग स्वीकार करने का भरोसा दिया। इस पर ग्रामीण मान गए। ईई प्रदीप कुमार ने मृतक आउटसोर्स के तहत निगम में कार्यरत था। विभागीय मानकों के अनुसार चार लाख रुपये का मुआवजा दिया जा रहा है।

## महोत्सव में पर्यावरण संरक्षण का संदेश

चमोली। खांखरखेत में पर्यावरण फेस्टिवल का शुभारंभ खांखर महादेव मंदिर में पुजारी राजेंद्र ने पूजा अर्चना के साथ किया। आयोजन समिति की ओर से पौधरोपण किया गया। महिला मंगल दल खैनोली, भेला, ज्यूडा, अंगोठ,गैरबारम,सनेड़, स्युनी मल्ली की महिलाओं ने पांरपरिक लोकगीत झुमैलो की शानदार प्रस्तुति दी। वॉलीबाल प्रतियोगिता में 10 टीमों ने भाग लिया। खांखरखेत कौनपुरगढ़ पर्यटन विकास समिति और खैरालिंग खांखरखेत विकास समिति की टीमें विजयी घोषित की गई।

## नारायणबगड़ में 24 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति सुचारु

चमोली। नारायणबगड़ में गुरुवार को पूरे 24 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति सुचारु हुई। विद्युत आपूर्ति सुचारु होने पर लोगों ने राहत की सांस ली। बुधवार शाम आई आंधी में नौपानी के समीप बिजली की हाई टेंशन लाइन में चीड़ के पेड़ के गिर जाने से विद्युत सप्लाई बाधित हो गई थी। जिस कारण ग्रामीणों को रात अंधेरे में काटनी पड़ी। 24 घंटे बाद विद्युत आपूर्ति सुचारु होने पर लोगों ने राहत की सांस ली।

# एसएसपी पौड़ी के निर्देशन में नशा सप्लायरों के इरादों को लगातार नाकाम करती पौड़ी पुलिस

■ 265 ग्राम अवैध चरस के साथ पौड़ी पुलिस ने स्कूटी के साथ 02 नशा सप्लायरों को किया गिरफ्तार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क






पौड़ी 07 जून : मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष-2025 तक उत्तराखंड को नशा मुक्ति ("ड्रग्स फ्री देवभूमि") बनाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह के निर्देशन में बढते नशे की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने एवं नशा तस्करी की रोकथाम के लिये पौड़ी पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है, नशा तस्करों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जा रही है।इसी क्रम में थाना लक्ष्मणझूला पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान बैराज बाईपास तिराहे के पास से अभियुक्त राजेश कुमार को 114 ग्राम चरस एवं अभियुक्त हिम्मत सिंह को 151 ग्राम अवैध चरस के साथ वाहन संख्या UK14G-8691 (स्कूटी) में परिवहन करते हुये गिरफ्तार किया गया। जिस सम्बन्ध में अभियुक्तों के विरूद्ध थाना लक्ष्मणझूला पर NDPS के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है।

अभियुक्तों का नाम पताः-

1. राजेश कुमार पुत्र वंशराज, निवासी गली नंबर- 16 मीरानगर, आई0डी0पी0एल0 ऋषिकेश जनपद देहरादून।

2. हिम्मत सिंह पुत्र स्व0 जीत सिंह, निवासी गली नंबर-45 किशन नगर, आई0डी0पी0एल0 ऋषिकेश जनपद देहरादून।

बरामद माल

1. 256 ग्राम अवैध चरस।

2. वाहन संख्या UK14G- 8691 (स्कूटी)

पुलिस टीम

1. उप निरीक्षक राज विक्रम
2. अपर उप निरीक्षक सुशील सीआईयू
3. मुख्य आरक्षी रोहित
4. मुख्य आरक्षी शशिकांत
5. आरक्षी अभिषेक
6. आरक्षी अंकुल

## संपादकीय

### गठबंधन 'विशेष दर्जे' तक

नरेंद्र मोदी को एनडीए का नेता चुन लिया गया है। चूंकि लोकसभा में भाजपा-एनडीए के सर्वाधिक 293 सांसद निर्वाचित हुए हैं और यह स्पष्ट बहुमत से ज्यादा का आंकड़ा है, लिहाजा मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना तय है। भाजपा के सभी सहयोगी दलों ने, नेताओं के हस्ताक्षरों समेत, समर्थन-पत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को सौंप दिए हैं। सिर्फ यह औपचारिकता शेष है कि भाजपा-एनडीए संसदीय दल भी मोदी को अपना नेता चुनें। ये तमाम कवायदें 7 जून तक निपट जानी हैं और फिर प्रधानमंत्री तथा कैबिनेट का शपथ-ग्रहण होगा। यहीं राजनीति और सरकार बनने की प्रक्रिया का पटाक्षेप नहीं होगा, बल्कि गठबंधन सरकार की अग्नि-परीक्षा की शुरुआत होगी। भाजपा-एनडीए आंकड़ों के चुनाव में तो सफल रहा, लेकिन मोदी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार कब तक अस्तित्व में रहेगी, यह बेहद अहम सवाल है। मोदी सरकार के अस्तित्व में आते ही उलटी गिनती भी शुरू हो जाएगी, क्योंकि भाजपा और तेलुगूदेशम पार्टी (टीडीपी) तथा जद-यू की राजनीतिक मानसिकताएं विरोधाभासी हैं। वे साथ भी रहे हैं और अलगाव भी देते रहे हैं। उनके राज्यों-आंध्रप्रदेश और बिहार-की बुनियादी मांग रही है कि उन्हें 'विशेष दर्जे का राज्य' घोषित किया जाए। इसमें वित्त आयोग की निर्णायक भूमिका होती है। किन आधारों, परिस्थितियों, भौगोलिक संरचना, आबादी, आदिवासी आदि पर यह 'विशेष दर्जा' दिया जाएगा, यह वित्त आयोग ही तय करके भारत सरकार को अनुशंसा भेजता है। चूंकि 2014 में यूपीए सरकार के दौरान आंध्र का विभाजन कर 'तेलंगाना' नया राज्य बनाया गया था, लिहाजा 'विशेष दर्जे' की मांग लगातार जारी रही है। टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने विपक्ष के साथ मिल कर आंदोलन भी किया था और अब चुनाव भी जीता है, लिहाजा वह शीघ्र ही आंध्र के नए मुख्यमंत्री बनेंगे। वहां सत्ता में भागीदारी भाजपा की भी होगी। आंध्र पर अब 3.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक का कर्ज है। आंध्र के पुराने संसाधन भी छिन चुके हैं, लिहाजा आर्थिक और कारोबारी तौर पर स्वावलंबी होने के लिए आंध्र को केंद्र की मदद की दरकार है। अभी तक पूर्वोत्तर, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड आदि 11 राज्यों को ही 'विशेष दर्जा' हासिल है। चूंकि ओडिशा में भाजपा सरकार बनाने जा रही है और वह भी एक गरीब और पिछड़ा राज्य है, लिहाजा उसे भी 'विशेष दर्जा' देने की मांग उठती रही है। अब तो भाजपा ही प्रत्यक्ष रूप से जवाबदेह होगी। मौजू सवाल है कि क्या मोदी की गठबंधन सरकार 'विशेष दर्जे' की मांग के सहारे ही चलेगी? कितने राज्यों को 'विशेष दर्जा' देना और सहायता करना मुनासिब है? यदि यह मांग पूरी नहीं की गई, तो क्या टीडीपी और जद-यू मोदी सरकार से समर्थन वापस ले लेंगे? यदि सरकार अल्पमत में आ गई, तो क्या देश में मध्यावधि चुनाव की संभावनाएं पैदा हो जाएंगी? क्या राष्ट्रपति विपक्ष के 'इंडिया' गठबंधन को सरकार बनाने का मौका नहीं देंगी? इन सवालों पर अभी से चर्चा शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री मोदी निर्बाध, निष्कंटक काम करने के आदी रहे हैं। उनके कदम कुछ निर्णयों से पहले ही ठिठक सकते हैं।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मौ.सलीम सैफी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002
RNI No. : UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com
Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## वर्षा जल संरक्षण पर संगोष्ठी का आयोजन किया

पौड़ी। राजकीय व्यावसायिक महाविद्यालय बनास पैठाणी में वर्षा जल संरक्षण पर गुरुवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि धरती पर लगातार पेयजल किल्लत देखने को मिल रही है, इसके समाधान की दिशा में वर्षा जल संरक्षण एक बड़ा कदम साबित होगा। कहा जन जागरूकता से इसमें सामूहिक सहभागिता बढ़ेगी।महाविद्यालय सभागार में आयोजित संगोष्ठी का उद्घाटन प्राचार्य प्रो. डीएस नेगी ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि अनियोजित विकास, बढ़ते कार्बन उत्सर्जन, प्लास्टिक के उपयोग, जंगलों में लगातार लगती आग, वनों के दोहन सहित अनेक कारणों से भू-जल स्तर घटता जा रहा है। जिससे पीने योग्य पानी को लेकर दिन-ब-दिन किल्लत बढ़ती जा रही है। ऐसे में वर्षा जल संरक्षण किया जाना कारगर कदम साबित होगा। कहा जन जागरूकता से सामूहिक सहभागिता को बढ़ाया जा सकता है। कार्यक्रम के सयोजक डॉ. प्रकाश फोंदणी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कहा कि हमें वर्षा जल संरक्षण के लिए चाल-खाल आदि का निर्माण करने के साथ-साथ चौड़ी पत्ती वाले पौधों का रोपण करना होगा। जो वर्षा के पानी को लंबे समय तक संचित रखने की क्षमता रखते हैं। साथ ही सूखे चुके जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कहा कि चीड़ के जंगलों को बांझ-बुरांस के जंगलों में तब्दील करने से ही भविष्य में पानी की कमी को दूर किया जा सकता है। प्राध्यापक डॉ. सुधीर कोठियाल, डॉ. आलोक कंडारी, डॉ. गौरव जोशी ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर राहुल रावत, अनूप बिष्ट, आशीष कश्यप, पल्लव नैथानी ने विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

## स्कूटर सवार ने कार में टक्कर मारी, फिर नकली पिस्टल दिखाकर डराया

देहरादून। बल्लुपुर चौक के पास ठेके के नजदीक स्कूटर सवार ने कार में टक्कर मार दी। इसके बाद स्कूटर सवार ने कार चालक को नकली पिस्टल दिखाकर डराया। भीड़ ने मौके पर आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर कैंट गिरीश चंद्र शर्मा ने बताया कि रमेश गुरुंग निवासी पुलिस कॉलोनी किशनपुर ने तहरीर दी। कहा कि वह बुधवार शाम करीब छह बजे कार से विकासनगर से देहरादून की तरफ आ रहे थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्तदान शिविर का आयोजन

हरिद्वार। बहादराबाद। बहादराबाद के शनि देव मंदिर में शनि जयंती पर भंडारे में काफी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही एम्स ऋषिकेश की ओर से रक्तदान शिविर का लगाया गया। इसमें 48 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में आयोजक अनिल भास्कर, रमेश वर्मा, विनय गोयल तथा ब्लू वालिंटियर्स का सहयोग रहा।

### धार्मिक यात्रा पर आये यात्रियों को न हो कोई असुविधा: महाराज

हरिद्वार। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को ऋषिकुल मैदान में चारधाम यात्रा के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन सेंटर का निरीक्षण कर यात्रियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को रजिस्ट्रेशन के लिए लाइन में नहीं लगना पड़ेगा, इसकी व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। सतपाल महाराज ने कहा कि स्लॉट बढ़ाने की हिदायत भी दी गयी है। धार्मिक यात्रा पर आने वाले किसी भी यात्री को कोई असुविधा न हो इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### भाजपा की कनखल में सर्वाधिक मतों से जीत पर स्वागत

हरिद्वार। शहर क्षेत्र में कनखल में सबसे अधिक वोटों से भाजपा के जीतने के बाद गुरुवार को पदाधिकारियों ने खुशी जताई। कनखल में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। जिलाध्यक्ष संदीप गोयल ने कहा कि यह जीत सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत का नतीजा है। बूथ स्तर तक हमारे संगठन ने कार्य किया और जीत पाने में सफल साबित हुए। मंडल अध्यक्ष हीरा बिष्ट ने कहा की सभी कार्यकर्ताओं ने दिन रात बूथ स्तर पर वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत किया सभी के साथ और प्रयास से हमारा मंडल पूरी विधानसभा में सर्वाधिक मतों से विजई रहा।

### ब्लड न मिलने से खफा युवक ने शीशे पर हाथ मार किया खुद को जख्मी

हरिद्वार। बहादराबाद से जिला ब्लड बैंक में आए युवक को एक घंटे इंतजार के बाद भी ब्लड नहीं मिला। इससे गुस्साए युवक ने पहले अपने मोबाइल को पटककर तोड़ दिया। इसके बाद शीशे पर अपना हाथ मार दिया। इससे शीशा टूटने के साथ ही युवक बुरी तरह जख्मी हो गया। घायल युवक को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया।

बहादराबाद निवासी नसीम ने मां का हिमोग्लोबिन लेबल काफी कम होने पर उन्हें बहादराबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जिला ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. रविंद्र चौहान ने बताया कि सुबह नसीम की मां की हालत को देखते हुए बुधवार तत्काल एक यूनिट खून दे दिया गया था। साथ ही क्रास मैच के लिए मरीज का खून लैब में रख लिया गया।

### व्यापारियों ने छबील लगा बांटा शबरत

हरिद्वार। कृष्णा नगर के उदासीन मार्केट के व्यापारियों ने दुकानों के आगे छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा शरबत बांटा। इस अवसर पर व्यापारियों ने बताया कि गर्मी के चलते राहगीरों को परेशानी होती है। उन्हें राहत देने के लिए छबील लगाई गई है। इस दौरान विक्की बहल, महेंद्र तनेजा, पूजा बहल, वरुण तनेजा, ऋतु मेंहदीरत्ता, काशवी बहल, अंकुर, रोजी महेंद्रू, नीरव अरोड़ा, महिमा, ह्दया आदि मौजूद रहे।

### गोशाला संचालकों का धरना दूसरे दिन भी जारी

देहरादून। उत्तराखंड में पंजीकृत गोसदन संचालकों का धरना पशु कल्याण निदेशालय मोथरोवाला में दूसरे दिन भी जारी रहा। संचालकों का आरोप है कि उत्तराखंड पशु कल्याण बोर्ड की ओर से गायों की अनदेखी की जा रही है, उनके चारे और भोजन के लिए निर्धारित 40 करोड़ से अधिक की धनराशि को विभाग ने गबन कर लिया है। कहा कि जब से विभाग ने प्रति गोवंश भरण पोषण के लिए 80 रुपये की धनराशि निर्धारित की है, तब से विभाग गोसदन संचालकों के साथ दुर्व्यवहार करने के साथ ही धमकियां भी दे रहा है। संचालकों को आवाज उठाने पर झूठे जांचों में फंसाने की धमकियां भी दी जा रही हैं। पिछले छह महीने से अनुदान की राशि जारी करने में भी लगातार देरी की जा रही है। संचालकों ने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाती तब तक धरना जारी रहेगा। धरने पर कमलेश भट्ट, अश्वनी शर्मा, शिव मोहन, अनुपमानंद गिरी महाराज, आशु अरोड़ा, अमित पाल, भूपेंद्र, दीपक, ज्वाला दत्त आदि बैठे रहे।

# विश्व खाद्य दिवस : सुरक्षित आहार स्वास्थ्य का आधार : डॉ आर राजेश कुमार

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून,7,जून

**विश्व खाद्य दिवस पर होगी सेहत की बात :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी न सिर्फ राज्य की जनता के लिए शुद्ध खाद्य पदार्थों की उपलब्धता और उनकी सेहत के लिए संवेदनशील हैं बल्कि राज्य में आने वाले लाखों लोगों की स्वास्थ्य सुरक्षा के प्रति चिंतित हैं। मुख्यमंत्री धामी के कड़े निर्देशों के मुताबिक चार धाम यात्रा से कई महीने पूर्व से लेकर अभी तक राज्य में मिलावट खोरों पर कड़ी नज़र बनाए रखी गयी है।विश्व खाद्य दिवस के मौके पर खाद्य सुरक्षा को लेकर के एक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है जिसके परिपेक्ष्य मेंआयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तराखण्ड डॉ आर राजेश कुमार ने राज्य की जनता को विश्व खाद्य दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हर व्यक्ति के लिए सुरक्षित आहार ही स्वस्थ रहने का आधार है। जिसके लिए खाद्य विभाग अपनी पूरी मुस्तैदी और ईमानदारी के साथ राज्य में कार्य कर रहा है। राज्य के माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के दिशा निर्देशों पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग चारधाम यात्रा मार्गो व पर्यटन केन्द्रों पर विशेष अभियान चलाकर नकली खाद्य पदार्थ बेचने वालों पर नकेल कसी जा रही है उन्होंने कहा कि पिछले पांच महीनों में ही जनवरी 2024 से मई 2024 तक 1763 नमूने लिये जा चुके हैं।



जांच में दोषी पाये जाने वालों के विरूद्ध विभागीय कार्रवाई के साथ ही मुकदमें दर्ज किये जा चुके हैं। उन्होंने आम जनता से भी जागरूक होने की अपील की और किसी भी तरह की समस्या या शिकायत के लिए विभागीय टोल फ्री नम्बर 180018004246 पर जानकारी देने की बात कही।

**शीघ्र होगी 25 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की तैनाती :** खाद्य सुरक्षा पर जानकारी देते हुए अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग, उत्तराखण्ड ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि खाद्य विभाग द्वारा राज्य में खाद्य अपमिश्रण पर अंकुश लगाने हेतु मानव संसाधन जैसे कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की कमी को जल्दी दूर कर लिया जायेगा। इस हेतु 25 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के चयन हेतु लोक सेवा आयोग को अधियाचन भेजा गया है। लोक सेवा आयोग से चयन होने तक प्रतिनियुक्ति पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी तैनात किये जाने की प्रक्रिया गतिमान है।

**मुख्य सचिव की अध्यक्षता में स्टेयरिंग कमेटी का गठन :** अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 के प्राविधानों के प्रभावी क्रियान्वयन व अनुश्रवण हेतु राज्स स्तर पर मुख्य सचिव महोदय की अध्यक्षता में विभागीय सचिवों की स्टेयरिंग कमेटी का गठन किया गया है। जनपद स्तर पर जिला अधिकारी की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के कार्यालयाध्यक्ष की स्टेरिंग कमेटी का गठन किया गया है। राज्य स्तर एवं जिला स्तर पर गठित स्टेरिंग कमेटियों की नियत समयावधि में बैठक आयोजित की जाती है। राज्य में खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2006 के प्राविधानों के तहत अपीलीय अधिकरण देहरादून एवं हल्द्वानी में पीठासीन अधिकारी एवं रजिस्ट्रार कार्यरत है। जनपद स्तर पर अपर जिला अधिकारी/जिला अधिकारी द्वारा दायर वादों के विरुद्ध अपीलों का समयबद्ध निस्तारण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राज्य के प्रवर्तन/सर्विलान्स की कार्यवाही में तेजी लायी जा रही है।

**2000 स्ट्रीट वेन्डरों को किया गया प्रशिक्षित :** अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि खाद्य उपभोक्ताओं को अपमिश्रण के प्रति जागरूक किये जाने के लिए प्रशिक्षण व त्वरित जॉच हेतु 03 सचल खाद्य विश्लेषण शालाओं के माध्यम से निगरानी नमूने जॉच किये जा रहे है। खाद्य उपभोगताओं से अपमिश्रण सम्बन्धी शिकायतों पर सूचना देने हेतु टोल फ्री नम्बर 180018004246 क्रियाशील है। खाद्य करोबारकर्ताओ को खाद्य नियमों की जानकारी, स्वच्छता सम्बन्धी मानकों हेतु जागृत करने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। 2000 स्ट्रीट वेन्डरों को राज्य के विभिन्न जनपदों में प्रशिक्षित किया जा चुका है।

**जल्द शुरू होगी सर्विलान्स की कार्यवाही :** खाद्य सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले शातिर अपराधी अब बच नहीं सकेंगे।अपर आयुक्त ताजबर सिंह जग्गी ने बताया कि अपमिश्रण सम्बन्धी अपराध का पता लगाने व अपराधी को पकड़ वाने में मदद करने के लिए जल्द ही राज्य खाद्य सुरक्षा अधिनियम के नियमों के तहत विधि व निधि निर्धारित करने हेतु प्रयासरत है। बताया कि खाद्य सुरक्षा रक्षा और औषधि प्रशासन द्वारा जल्द ही सर्विलान्स की कार्यवाही करेगा, जिसमें फल (आम, पोला आदि), मसाले, दूध व खाद्य तेल प्रमुख है। उन्होंने कहा कि राज्य में विद्यमान खाद्य निर्माण इकाईयों का रिस्क बेस निरीक्षण किये जायेगे। दुग्ध उत्पदों, खाद्य तेल, मसाले निर्माण इकाईयों का समय-समय पर निरीक्षण कर नियमों के उल्लंघन पर दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

**बीते पांच महीनों में लिए गये 1763 नमूने :** राज्य में उपभोक्ताओं को सुरक्षित आहार स्वास्थ्य का आधार विषय व ईट राईट इण्डिया अभियान के अन्तर्गत संचालित नवाचारों में प्रतिभाग करने हेतु वृहद स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम किये जायेंगे। बताया कि चारधाम व पर्यटक सीजन के दृष्टिगत विशेष अभियान व सर्विलान्स किया जा रहा है। सर्विलान्स अभियान के तहत फल, मसालों, तेल एवं दुग्ध तथा दुग्ध उत्पाद आदि के निम्नानुसार नमूनें संग्रहित किये गये है। जनवरी, 2024 से मई, 2024 तक सर्विलान्स नमूनों की संख्या 1763 है। जिनमें से प्राप्त जॉच रिपोर्ट 1040 हैं और अधोमानक नमूनों की संख्या 60 पाई गई है।

# हल्द्वानी : प्रेमिका के घर पर फंदे से लटका मिला हिस्ट्रीशीटर प्रेमी का शव

न्यूज वायरस नेटवर्क

हल्द्वानी 07 जून : बनभूलपुरा थाना क्षेत्र अंतर्गत में एक हिस्ट्रीशीटर का शव मिलने से सनसनी फ़ैल गई है। बताया जा रहा है कि वह यहाँ पर कई दिनों से अपने परिवार को छोड़कर रह रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैमिली जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा उत्तर उजाला नमरा मस्जिद के पास रहने वाले युवक अजीम उम्र 30 वर्ष को पास में रहने वाली एक महिला से प्रेम हो गया। अजीम पिछले 15 दिनों से अपनी पत्नी और बच्चे को छोड़कर उसके साथ रह रहा था। अचानक बीते दिन उसका शव प्रेमिका के घर पर फंदे पर लटका हुआ मिला जिससे क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। अजीम की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेजा।अजीम की मौत के बाद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे उसके परिजनों ने उसकी प्रेमिका के चरित्र पर सवाल उठाए। उन्होंने उस पर हत्या कर अजीम के शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि अजीम बनभूलपुरा थाना क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर भी था और परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है लेकिन उनकी तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद इसकी जांच की जाएगी।



# बूथ पर अच्छा प्रदर्शन करने वालों को ही मिलेगी अहम जिम्मेदारी : महेंद्र भट्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा सरकार और संगठन में अब बूथ पर अच्छा प्रदर्शन करने वालों को ही अहम जिम्मेदारी मिलेगी। पार्टी लोकसभा चुनावों में मिले मतों की बूथवार समीक्षा करेगी और उसके बाद नई नियुक्तियों में बूथ का प्रदर्शन अनिवार्य रूप से देखा जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनावों में मिले मतों की बूथवार समीक्षा के लिए कमेटी गठित की जा रही है। यह कमेटी हर सीट की समीक्षा करेगी। इस दौरान सांसद, मंत्री, विधायक, प्रदेश पदाधिकारी, दायित्वधारी और जिला अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष आदि पदाधिकारियों का प्रदर्शन देखा जाएगा। खराब प्रदर्शन करने वाले पदाधिकारियों को चिह्नित कर उनको लेकर आगे निर्णय लिया जाएगा। पत्रकार वार्ता के दौरान भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, प्रवक्ता सुरेश जोशी सहित अनेक नेता मौजूद रहे।

हरिद्वार, गढ़वाल में नए प्रत्याशी की वजह से रहा कम अंतर

पत्रकारों ने गढ़वाल और हरिद्वार सीट पर कम अंतर पर सवाल पूछे तो भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इन दोनों ही सीटों पर पार्टी की ओर से नए प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतार गए थे। इसलिए जीत का अंतर कुछ कम रहा है। हालांकि उन्होंने कहा कि दोनों ही न निर्वाचित सांसद पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं और पांच सालों के दौरान उनका अपने क्षेत्रों में लोगों से बहुत अच्छा संपर्क हो जाएगा। इससे आने वाले चुनावों में वह दोनों ही सीटों को कई अधिक अंतर से जीतेंगे।

## ईपीएस-95 पेंशनर्स राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने स्थापना दिवस मनाया

देहरादून। ईपीएस-95 पेंशनर्स राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने गुरुवार को देहरादून में स्थापना दिवस मनाया। पेंशनर्स ने न्यूनतम पेंशन तय करने के साथ ही अपनी मांगों को दोहराया।चंद्रबनी स्थित वन विकास विक्रय डिपो में आयोजित स्थापना दिवस समारोह के मौके पर समिति के सदस्यों ने पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस मौके पर वक्ताओं ने न्यूनतम पेंशन समेत अन्य आंदोलन के लिए चल रहे आंदोलन की जानकारी दी और बताया कि उत्तराखंड भी आगामी आंदोलन के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करेगा। इस मौके पर संगठन में सक्रिय सहयोग के लिए प्रदेश अध्यक्ष सुरेश डंगवाल, कार्यकारी अध्यक्ष टीएस बिष्ट, आरपी श्रीवास्तव और कदम सिंह का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सुभाष शाह, संजीव नारायण डोभाल, मोहित बड़थ्वाल, दिवाकर शाही, भुवन चंद्र, श्याम बाबू, आनंद शर्मा, त्रिलोकी राम, राम बाबू यादव, अवतार सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशियां

चमोली। लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने कर्णप्रयाग में खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर मिठाइयां बांटी। इस दौरान विजय जुलूस निकाला गया। मौके पर विधायक अनिल नौटियाल, जिलाध्यक्ष रमेश मैखुरी, विक्रम मिंगवाल, समीर मिश्रा, सुभाष चमोली, चेतन मनोड़ी, धीरेंद्र भंडारी, बृजेश बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### प्रभारी प्रधानाचार्यों को आहरण वितरण अधिकारी बनाए जाने पर खुशी

श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय शिक्षक संघ टिहरी गढ़वाल ने माध्यमिक विद्यालयों में प्रभारी प्रधानाचार्य का कार्य देख रहे वरिष्ठ प्रवक्ताओं और एलटी शिक्षकों को विद्यालय का आहरण वितरण अधिकारी बनाए जाने पर खुशी जताई है। राजकीय शिक्षक संघ टिहरी के जिलाध्यक्ष दिलवर रावत व मंत्री बुद्धि भट्ट ने संघ की मांग माने जाने पर शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत व महानिदेशक उत्तराखंड शिक्षा डॉ. वंशीधर तिवारी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि कि मांग पूरी होने पर दूरस्थ विद्यालयों के कार्य संचालन में अत्यधिक सुविधा होगी व विद्यालय के शैक्षणिक कार्यों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। बताया कि अब तक प्रभारी प्रधानाचार्य का कार्य देख रहे शिक्षकों को विद्यालयों के कार्य संचालन में अन्य पूर्णकालिक प्रधानाचार्य पर निर्भर रहना पड़ता था, जिसमें अत्यधिक समय व धन की बर्बादी होती थी।

### शहर की समस्याएं हल करने की उठाई मांग

पौड़ी। जन चेतना मंच ने शहर की विभिन्न समस्याएं हल करने की मांग उठाई है। गुरुवार को मंच के सदस्यों ने डीएम से मुलाकात कर जल्द ही शहर की समस्याएं हल करने की मांग उठाई। गुरुवार को जन चेतना मंच ने डीएम को ज्ञापन दिया। इस दौरान मंच के दलवीर सिंह नेगी ने कहा कि शहर में आवारा पशुओं व कुत्तों के आतंक से शहरवासी परेशान है। शहर के सार्वजनिक शौचालयों में सफाई नहीं होने से लोगों को समस्याएं हो रही है। उन्होंने डीएम से शहर में स्थित पार्किंगों को खुला रखने, सड़कों व नालियों की समुचित व्यवस्था करने, पेयजल आपूर्ति सुचारू करने की मांग उठाई। इस मौके पर भुवन डोभाल, अजय कुमार, मनमोहन सिंह रावत, संजीव सिंह, हरीश, अनिल, विनोद, मुकेश सिंह रावत, अवतार सिंह, रमेश, गौरव, रोहित, विक्रम गुंसाई, जगमोहन आदि शामिल थे।

### डेयरी फार्मिंग का दिया प्रशिक्षण

पौड़ी। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पौड़ी के तत्वावधान में पाबौ ब्लाक के खंडूली में डेयरी फार्मिंग व वर्मी कॉम्पोस्ट का दस दिवसीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। गुरुवार को समापन अवसर पर प्रशिक्षार्थीयों का आकलन ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान पौड़ी में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें प्रशिक्षण के दौरान डेयरी फार्मिंग व वर्मी कॉम्पोस्ट का तकनीकी व उद्यमिता विकास की बारीकियों की जानकारी दी। संस्थान की निदेशक ने प्रशिक्षार्थियों को डेयरी फार्मिंग और वर्मी कॉमपोस्ट की नियमित तकनीक का ज्ञान दिया गया और उद्यमिता विकास के पहलुओं से भी अवगत कराया। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार अपनाने पर जोर दिया।

### बलूनी की जीत पर भाजपाइयों ने रैली निकाल बांटी मिठाई

पौड़ी। गढ़वाल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याक्षी अनिल बलूनी की जीत पर बीरोंखाल के भाजपाइयों ने गुरुवार रैली निकालकर मिठाई बांटी। मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने देवी मंदिर बीरोंखाल में पूजा-अर्चना भी की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर धामी जिंदाबाद के नारे लगाएं। इस मौके पर बीरोंखाल मंडल अध्यक्ष ओमपाल बिष्ट, प्रेम सिंह नेगी, गोपाल सिंह, अनिल डिमरी, यशवंत बिष्ट, दिलबर सिंह रावत, दलीप सिंह, मधु देवी, सावित्री देवी आदि मौजूद रहे।